हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 2 अप्रैल 2026

04 बैतूल-बरेठा घाट में हाईवे निर्माण का रास्ता...



07 विधायक सिंह ने की संदीपनि स्कूल के नव प्रवेशी...





## खबर संक्षेप

### कमिश्नर कार्यालय में हुआ वंदे मातरम गायन

**नर्मदापुरम।** के निर्देशानुसार प्रत्येक माह की पहली तारीख को शासकीय कार्यालयों में वंदे मातरम का गायन किया जाता है। इसी कड़ी में 1 अप्रैल को आयुक्त कार्यालय के सभा कक्ष में वंदे मातरम का गायन किया गया। इस अवसर पर नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर श्री कृष्ण गोपाल तिवारी, संयुक्त आयुक्त विकास श्री नवल मीणा, उपायुक्त विकास श्री डी एन पटेल सहित कमिश्नर परिसर स्थित सभी कार्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने उपस्थित रहकर सामूहिक रूप से वंदे मातरम का गायन किया।

### ग्राम गाजनपुर में जल मंदिर की स्थापना हुई

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद नर्मदापुरम के द्वारा समस्त जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत गाजनपुर में सेक्टर क्रमांक 04 मालापाट में नवांकुर संस्था जीवनदायनी समाज सेवा समिति गाजनपुर द्वारा जल मंदिर की स्थापना की गई। जिससे राहगीरों को शीतल जल मिल सके। अध्यक्ष सुनील सिंगोरिया ने जल मंदिर स्थापना में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### लगभग ढाई माह से रहवासी क्षेत्र के आसपास घूम रहा था बाघ

# नर्मदापुरम वन मंडल क्षेत्र में भय का सबब बने बाघ का टीम ने किया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व क्षेत्रांतर्गत रेडियो कॉलर युक्त नर बाघ लगभग दो से ढाई माह से नर्मदापुरम वन मंडल के रहवासी क्षेत्र के आसपास सक्रिय था। बुधवार सुबह बाघ को सफलता पूर्वक रेस्क्यू किया गया है।

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व असिस्टेंट डायरेक्टर आशीष कुमार खोब्रागढ़े ने बताया कि बाघ का रेस्क्यू अभियान तीन दिनों तक चला। जिसे सतत मेहनत, तकनीकी ट्रैकिंग, पांच हाथियों एवं फील्ड स्टाफ के समन्वित प्रयासों से संचालित किया गया। रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान वन विभाग की टीम ने अत्यंत सतर्कता व कुशलता का परिचय देते हुए बिना किसी अप्रिय घटना के बाघ को सुरक्षित रूप से नियंत्रित किया। वन विभाग ने नागरिकों से सर्तक रहने की अपील की है।

एसटीआर के कॉलर आईडी लगे बाघ को वन विभाग की टीम ने बुधवार सुबह तवा डैम के बेकवॉटर किनारे मांदीखोह इलाके से ट्रेंकुलाइज कर रेस्क्यू किया।



#### खुले क्षेत्र में छोड़ा जाएगा बाघ



उक्त बाघ को स्वास्थ्य परीक्षण उपरांत सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के उपयुक्त एवं पूर्ण सुरक्षित खुले वन क्षेत्र में पुनः रिलीज किया जाएगा, जिससे उसके प्राकृतिक व्यवहार एवं आवास का संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके।

#### ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील

एसटीआर फील्ड डायरेक्टर राखी नंदा ने बताया कि दोनों बाघों पर लगातार नजर रखी जा रही है। एक बाघ को रेस्क्यू कर कोर क्षेत्र में छोड़ा जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की है कि अगर कहीं बाघ दिखाई दे तो घबराएं नहीं और तुरंत वन विभाग को सूचना दें। टीम लगातार बाघों की लोकेशन पर नजर बनाए हुए है।

#### यह रहे टीम में शामिल

असिस्टेंट डायरेक्टर आशीष कुमार के अनुसार इस सफल अभियान के लिये सतपुड़ा टाइगर रिजर्व एवं नर्मदापुरम वनमंडल की संपूर्ण टीम के साथ-साथ डॉ. गुरुदत्त शर्मा, डॉ. प्रशांत देशमुख एवं डॉ. हमजा फारूकी की विशेष भूमिका रही। साथ ही स्थानीय नागरिकों के सहयोग एवं धैर्य के लिए भी वन विभाग आभार प्रकट किया है। जिनके सहयोग से यह अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हो सका। अभी बाघ को स्वास्थ्य परीक्षण की प्रक्रिया से गुजरता होगा, जिसके बाद उसे रिजर्व क्षेत्र में छोड़ा जाएगा।

## राजस्थान के खड़े ट्रक से टकरा कर सीपीई कर्मचारी की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

बीती रात इटारसी-पथरोटा मार्ग पर हुए एक दर्दनाक हादसे में सीपीई में कार्यरत एक कर्मचारी की जान चली गई। पावरग्रिड पथरोटा के सामने निवासी लेखराज साहू 36 वर्ष बीती रात करीब 11: 30 बजे इटारसी से अपने घर पथरोटा की ओर जा रहे थे। शेर-ए-पंजाब ढाबे के आगे सीपीई और प्लाईवुड फैक्ट्री के बीच पुलिया के पास उनकी बाइक सड़क किनारे खड़े एक राजस्थान पासिंग बोरिंग ट्रक क्रमांक आजे 32 ईए 0293 से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और लेखराज की मौत हो गई।



#### हादसे की मुख्य वजह : छाया रहता है घना अंधेरा

स्थानीय लोगों और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटनास्थल और उसके आसपास का पूरा क्षेत्र हमेशा घने अंधेरे में डूबा रहता है। पुलिया के पास प्रकाश की कोई व्यवस्था नहीं है, जिससे रात के समय सड़क किनारे खड़े वाहन चालकों को दिखाई नहीं देते। इसी अंधेरे का खामियाजा लेखराज को अपनी जान देकर चुकाना पड़ा।

#### नियमों के पक्के थे लेखराज, पर हो गई चूक

मृतक के मित्र हरीश चौधरी ने बताया कि लेखराज सीपीई में कार्यरत थे और वहां दोपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट पहनना अनिवार्य है। वह हमेशा हेलमेट पहनते थे, लेकिन दुर्भाग्यवश कल रात उन्होंने हेलमेट नहीं पहना था, जो शायद उनकी जान बचाने में मददगार साबित हो सकता था।

#### परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

36 वर्षीय लेखराज अपने पीछे एक बेटा और एक बेटी छोड़ गए हैं। इस घटना के बाद से परिवार और क्षेत्र में शोक की लहर है। बुधवार सुबह डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी शासकीय चिकित्सालय में शव का पोस्टमार्टम किया गया, जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। यह घटना सड़क किनारे असुरक्षित ढंग से खड़े वाहनों और मुख्य मार्गों पर लाइट के अभाव जैसे गंभीर मुद्दों की ओर प्रशासन का ध्यान खींचती है, यह हिस्सा जिस भी निकाय के अंतर्गत आता हो, उसे इसके विषय में गंभीरता से विचार करना चाहिए।

## नवीन शिक्षा सत्र के प्रथम दिवस समेरिटन्स स्कूल में मना प्रवेशोत्सव, बच्चों में दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नवीन शिक्षा सत्र के प्रथम दिवस बुधवार को समेरिटन्स विद्यालय में प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस दौरान बच्चों में काफी उत्साह दिखा। विद्यालय प्रबंधन द्वारा विद्यालय आए बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया।

प्रवेश उत्सव को लेकर प्री प्राइमरी विंग में अधिक उत्साह रहा। यहां अभिभावक बच्चों को लेकर विद्यालय आए। इसी प्रकार प्राइमरी विंग में प्रवेश उत्सव गीत संगीत के साथ प्रारंभ हुआ।

प्रथम दिवस पिछले सत्र में उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान डायरेक्टर डॉ आशुतोष शर्मा ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जीवन में सीखने की ललक सदैव बनी रहनी चाहिए।



शिक्षिका सिम्मी झा ने कहा कि नए सत्र में हम नवीन विचार और नवीन लक्षण के साथ आगे बढ़ेंगे। उन्होंने सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में प्राचार्य श्रीमती प्रेरणा रावत, समन्वयक आरके सिंह, आरके रघुवंशी आदि उपस्थित थे।

## नरवाई जलाने पर किसानों पर हुई कार्रवाई, एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में विगत दो महीनों से लगातार नरवाई प्रबंधन हेतु कार्यशालाओं, संगोष्ठियों, खेत पाठशालाओं तथा जिला स्तरीय कृषि रथ संचालन द्वारा समय समय पर किसानों को नरवाई जलाने के दुष्प्रभावों तथा नरवाई प्रबंधन की तकनीकों से अवगत कराया जा रहा है। अपर कलेक्टर अनिल जैन, के आदेश अंतर्गत जिले में धारा 163 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 द्वारा भी किसानों को नरवाई जलाने से रोकने की कार्यवाही की गई। इसके बाद भी सभी नियमों की अनदेखी कर लगातार विगत 15 दिनों से जिले में कुल 2090 नरवाई जलने की घटनाएं सामने आ चुकी है। उक्तानुसार नरवाई जलाने पर प्रशासन द्वारा लगातार दण्डात्मक एवं जुर्माने की कार्यवाही भी की जा रही है। सिवनी मालवा में 5 लाख 46 हजार रुपए का जुर्माना अधिरोपित किया गया है तथा 2 एफआईआर भी दर्ज की गई है। जिले में अभी तक नरवाई जलाने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध 2 एफ.आई.आर की कार्यवाही बनखेडी में ग्राम कामती एवं कोंडापडरई में की जा चुकी है।

## नए श्रम कानून के खिलाफ रेल कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर जताया अपना विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

भारत सरकार द्वारा पारित नए श्रम कानून के विरोध में इटारसी मुख्य शाखा के रेल कर्मचारियों ने कार्यस्थल पर काली पट्टी बांधकर अपना आक्रोश दर्ज कराया।

महामंत्री अशोक शर्मा के आह्वान और मंडल अध्यक्ष आरके शर्मा व मंडल सचिव कमलेश परिहार के मार्गदर्शन में यह विरोध प्रदर्शन किया गया। शाखा के पदाधिकारियों ने सुबह से ही स्टेशन के विभिन्न विभागों, जिनमें बुकिंग ऑफिस, पार्सल ऑफिस, आरक्षण कार्यालय, टीसी ऑफिस, डिपो और स्टेशन प्रबंधक कार्यालय शामिल हैं, वहां पहुंचकर कर्मचारियों को काली पट्टियां बांधीं। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि नए लेबर नियम कर्मचारी हितों के खिलाफ हैं।




इस दौरान बड़ी संख्या में रेलकर्मी विरोध स्वरूप काली पट्टी बांधकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते नजर आए।

## कांग्रेस ने किया ज्ञापन देकर रसोई गैस की बढ़ी कीमतों का विरोध, की निराकरण करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

बुधवार को ब्लॉक एवं नगर कांग्रेस ने रसोई गैस के दाम बढ़ाने का विरोध किया है दाम बढ़ाने के बाद भी गैस उपलब्ध नहीं हो पा रही है। उपभोक्ता गैस की टंकी के लिए परेशान हो रहे हैं। वहीं पेट्रोल पंप पर डीजल पेट्रोल के लिए लंबी-लंबी लाइन लग रही है। कई पेट्रोल पंप पर डीजल पेट्रोल उपलब्ध ही नहीं है नागरिकों को दूसरी तरफ विद्युत विभाग ने बिजली की दर बढ़ा दी गई है।



नागरिकों को जिसका भार अलग से झेलना पड़ रहा है। कांग्रेस नेता पुष्पराज पटेल ने बताया 1 अप्रैल से समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी होना था जिसे बढ़ाकर 10 अप्रैल कर दी है इस समय मौसम का साफ नहीं है किसान के लिए हवा पानी बादल के कारण फसल को सुरक्षित रखने की चुनौती है अगर समय से खरीदी शुरू हो जाती तो किसान अपनी फसल उपार्जन केंद्र पर ले जाते जिससे उनकी फसल सुरक्षित हो जाती और किसान मूंग की फसल की तैयारी में लग जाता लेकिन शासन प्रशासन ने एक तरफ आदेश कर तारीख बढ़ाकर किसने की परेशानी बढ़ा दी है स्थानीय प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने के लिए यह ज्ञापन दिया है। ज्ञापन देते समय ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हेमंत यादव, नगर कांग्रेस अध्यक्ष रत्नेश बडगूजर सहित अनेक कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नलों से आ रहा मटमैला पानी, नलकूप पर अवैध कब्जा, रहवासी परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर में कहीं इंदौर के भागीरथपुरा जैसे हालात नहीं बन जाए। पुरानी इटारसी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में नलों से मटमैला पानी आ रहा है। इस तरह की स्थिति पिछले एक सप्ताह से बनी हुई है।

पुरानी इटारसी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में दूषित पानी से परेशान लोग एकत्र हो गए है। मोहल्ले के लोगों ने खाली बर्तन बजाकर और नगर पालिका मुर्दाबाद के नारे लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। लोगों का कहना है कि इस मामले में शिकायत नगर पालिका सीएमओ और नगर पालिका अध्यक्ष दोनों से की जा चुकी है लेकिन तारीख तक कोई भी सुधार नहीं हुआ है।



मोहल्ले वासियों को कहना है कि पानी इतना गंदा आ रहा है कि निस्तार के लिए भी उसका उपयोग नहीं किया जा सकता। पानी से बदबू भी आ रही है। जो पेयजल लाइन के बीच में चैंबर बनाए गए हैं वह गटर जैसे बन गए हैं।

वार्डवासियों ने कहा कि इस मोहल्ले का कुछ हिस्सा ऐसा भी है जहां कई सालों से पाइप लाइन में पानी नहीं आ रहा है। लोगों का कहना है कि जो पेयजल का टैक्स भरते हैं लेकिन उन्हें पानी नसीब नहीं हो रहा है और जिनके अवैध कनेक्शन हैं वे पानी का दुरुपयोग कर रहे हैं। सड़कों पर पानी फेंक रहे हैं, गाडिय़ां धो रहे हैं। ऐसे अवैध कनेक्शनधारियों के कनेक्शन काटे जाएं।

#### नपा का करेंगे घेराव

मोहल्ले के लोग अब बहुत परेशान हो गए हैं। नलकूप पर अवैध कब्जा है जिससे पीने पानी भी लोगों को नहीं मिल रहा है और जितने क्षेत्र में पानी आ रहा है वह इतना गंदा है कि उसका उपयोग नहीं किया जा सकता है इसकी शिकायत के बाद अभी मोहल्ले में प्रदर्शन किया गया लेकिन सुनवाई नहीं हुई तो नगर पालिका का घेराव किया जाएगा और नगर पालिका के खिलाफ पूरे शहर में अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान कमल हांसले, सुरेंद्र सिंह ठाकुर, भगवती प्रसाद चौरे, शक्ति ठाकुर, अभिषेक चौरे, आदित्य चौधरी, हरीश ठाकुर, आशीष सोनी, मुरली चौरे, मालती मालवीय सहित मोहल्ले के लोग मौजूद थे।

#### बोले वार्डवासी

नलों से इतना गंदा पानी आ रहा है पानी पीने के लायक तो है ही नहीं बल्कि इस पानी का उपयोग निस्तार के लिए भी नहीं किया जा सकता।
**कमल हांसले, वार्ड वासी**

दस साल से शिकायत कर रहे हैं और पानी का टैक्स भी जमा कर रहे हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं है, पीने पानी नहीं मिल रहा है।
**दीपा त्यागी, वार्डवासी**

नलों से गंदा पानी आ रहा है इसलिए हमें दूसरे स्थानों से पानी भरकर लाना पड़ रहा है। गर्मी में पानी मिलना भी मुश्किल हो रहा है।
**राममूर्ति शर्मा, वार्डवासी**

बहुत दिनों से बहुत परेशान होने के बाद अब मोहल्ले के लोगों ने तय कर लिया है हम सभी नगर पालिका खिलाफ आंदोलन करेंगे। **रामा सोनी, वार्ड वासी**

### श्री हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में जगह-जगह हुए आयोजन, सजाए गए मंदिर

## श्री स्वप्नेश्वर धाम की शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब, 'नरसिंह झांकी' और 'स्वर्ण मृग' रहे आकर्षण का केंद्र, भक्तों ने लिया दर्शन का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में श्री स्वप्नेश्वर हनुमानधाम मंदिर द्वारा निकाली गई भव्य शोभायात्रा भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुई। श्री द्वारिकाधीश मंदिर से प्रारंभ होकर करीब 6 किलोमीटर लंबे मार्ग का भ्रमण कर यह यात्रा देर रात मंदिर पहुंची।

#### अनूठी रहीं झांकियां

इस वर्ष शोभायात्रा में कई आकर्षक झांकियां शामिल रहीं। इंदौर की प्रसिद्ध 'नरसिंह अवतार' की झांकी के साथ-साथ 'वनवासी राम और स्वर्ण मृग' की अलौकिक झांकी श्रद्धालुओं के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। साथ ही अयोध्या वाले हनुमान जी और रामजी की विशेष गाड़ी ने भक्तों का मन मोह लिया। चल समारोह का जगह-जगह स्वागत किया गया।




#### इन मार्गों से गुजरी भव्य यात्रा

शाम को द्वारिकाधीश मंदिर से शुरू होकर यह यात्रा जयस्तंभ चौक, आरएमएस चौक, रेस्ट हाउस और फ्रेन्ड्स स्कूल चौराहा पहुंची। यहां से यात्रा सिंधी कॉलोनी, सूरजगंज चौराहा, विश्वनाथ चौराहा और मालवीयगंज होते हुए स्वप्नेश्वर धाम पहुंची।

#### भक्तों ने किया स्वागत

यात्रा मार्ग में जगह-जगह भव्य स्वागत मंच लगाए। भीषण गर्मी को देखते हुए पूरे मार्ग में शीतल शरबत, ठंडा जल, आइसक्रीम और मिठाई का वितरण किया। शाम से शुरू हुई यह यात्रा शहर के मुख्य चौराहों से गुजरते हुए रात करीब 10 बजे अपने गंतव्य पर संपन्न हुई।

#### महाआरती और भंडारा

2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव के मुख्य दिन मंदिर में तड़के महाभिषेक होगा। दोपहर 1 बजे से भंडारा शुरू होगा और रात 8 बजे बनारस की 'गंगा आरती' की तर्ज पर भव्य महाआरती की जाएगी। मंदिर समिति ने सभी श्रद्धालुओं से इस दिव्य महोत्सव में शामिल होने की अपील की है।

#### आकर्षणों से सजी यात्रा

- **सुरक्षा और शौर्य :** उज्जैन का बंदूक फायर दल, 4 सजे हुए घोड़े और टिमरनी का प्रसिद्ध अखाड़ा।
- **धार्मिक वैभव :** फूलों से सजा हनुमान जी का रथ, राम-सीता-हनुमान जी की बग्गी और प्रसाद की गाड़ी लगातार साथ चल रही थी।

### कमिश्नर ने दिए वीडियो कॉन्फ्रेंस में दिशा निर्देश

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने संभाग के नर्मदापुरम और बैतूल जिले के जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से निर्देश दिए कि वह जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर नल कनेक्शन का कार्य 30 अप्रैल तक पूर्ण करा ले एवं पूर्ण हो चुकी नल जल योजनाओं का 90 दिन का ट्रायल कर समारोह पूर्वक नल जल योजना संबंधित ग्राम पंचायतो को हैंडोवर भी करें। जल संचय जन भागीदारी 2.0 एवं जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने निर्देश दिए की सभी कलेक्टर्स जल संचय जन भागीदारी के अंतर्गत किए जाने वाले कार्यों को उच्च प्राथमिकता में रखें। बताया गया कि नर्मदापुरम में 31 हरदा में 22 एवं बैतूल में 38 कार्य इस अभियान के अंतर्गत पूर्ण किए जा चुके हैं।

## होम साइंस कॉलेज में भवानी प्रसाद मिश्र की जयंती मनाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय नर्मदापुरम में बुधवार को भवानी प्रसाद मिश्र की जन्म जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। 29 मार्च से 4 अप्रैल तक हिंदी विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ कामिनी जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम सौभाग्यशाली हैं कि साहित्य जगत के तीन पुरोधा भवानी प्रसाद मिश्र, हरिशंकर परसाई, माखनलाल चतुर्वेदी हमारे जिले से हैं। हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ पुष्पा दुबे ने भवानी प्रसाद मिश्र के जीवनवृत्त एवं साहित्यिक कृतियों पर प्रकाश डाला। डॉ श्रुति गोखले ने भवानी प्रसाद मिश्र की कविता गीत फरोश एवं आज पानी गिर रहा है कविता का काव्य पाठ किया।

## खबर संक्षेप

### पंचायतों और धार्मिक स्थलों पर 1246 लोगों ने लिया लाभ

**बैतूल।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयुष विभाग द्वारा 75 दिवसीय काउंटडाउन अभियान के अंतर्गत जिले की पंचायतों एवं धार्मिक स्थलों पर योग शिविरों का आयोजन किया गया। इस अभियान के नोडल अधिकारी डॉ. वीरेंद्र सिंह शाक्य तथा सहायक नोडल अधिकारी डॉ. मुस्कान भावसार के मार्गदर्शन में आयुष विभाग की समस्त संस्थाओं द्वारा लोगों को योग एवं आयुष पद्धतियों के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और योगाभ्यास के साथ आयुष पद्धतियों के लाभों की जानकारी प्राप्त की। आयुष विभाग के सभी चिकित्सा अधिकारियों, योग प्रशिक्षकों तथा योग सहायकों ने उपस्थित लोगों को नियमित योग करने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। जिला आयुष अधिकारी डॉ. योगेश चौकीकर ने बताया कि विभाग द्वारा चलाए गए इस अभियान में कुल 1246 लाभार्थियों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि अगला 50 दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस काउंटडाउन शिविर 24 अप्रैल को जिले की समस्त आयुष संस्थाओं द्वारा आयोजित किया जाएगा। विभाग ने नागरिकों से शिविर का लाभ लेने की अपील की है।

### युवक ने अज्ञात कारणों के चलते सल्फास खाकर दी जान

**बैतूल।** मुलताई क्षेत्र में एक युवक ने अज्ञात कारणों के चलते सल्फास खा ली। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार युवक प्रकाश धोटे (उम्र 30 वर्ष) पेशे से राजमिस्त्री था। युवक दोपहर करीब 2 बजे अपनी मां से यह कहकर घर से निकला था कि वह लौटकर खाना खाएगा और मां से भोजन तैयार रखने को कहा था। मां बेटे के इंतजार में खाना बनाकर बैठी रही। शाम करीब 4 बजे जब प्रकाश घर लौटा, तो उसने बिना कुछ बताए अचानक सल्फास का सेवन कर लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। परिजनों ने तुरंत उसे मुल्ताई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया गया। यहां आईसीयू में भर्ती कर इलाज किया जा रहा था, लेकिन बुधवार सुबह उसकी मौत हो गई।

### पुलिस ने लूट के फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

**सारणी।** सारणी पुलिस ने लूट के एक मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बीएनएस के तहत दर्ज प्रकरण में कार्रवाई करते हुए आरोपी को पकड़ा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, फरियादी अजीमुद्दीन (34 वर्ष), निवासी शाहदरा नई दिल्ली, ने 25 अगस्त 2025 को थाना सारणी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि वे बीएसएनएल टावर में ओमनी पिक कंपनी के माध्यम से टीवी सेट लगाने के कार्य से बगडोना आए थे। अगले दिन छतरपुर जाने के लिए रुकने हेतु होटल तलाश रहे थे, तभी तीन युवक राहुल, भोला और डमरू उनसे मिले। तीनों आरोपियों ने सस्ते में कमरा दिलाने का झांसा देकर उन्हें बगडोना के कॉलेज गेट के पास ले जाकर मारपीट कर पर्स में रखे 5 हजार रुपये नगद व एटीएम लेकर फरार हो गए थे।

### स्टे हटते ही शुरू होगा बरेठा फोरलेन का निर्माण कार्य

# बैतूल-बरेठा घाट में हाईवे निर्माण का रास्ता साफ, सभी अनुमतियां मिलीं



### हाईकोर्ट में दायर पीआईएल के बाद से रुका है काम

इटारसी-बैतूल के मध्य बरेठा घाट का लगभग 21 किमी का भाग शेष रह गया था। इसमें केसला रेंज, भौरा रेंज तथा बरेठा घाट के तीन खंड (कुल 20.91 किमी) सम्मिलित है। ये सभी खंड वन्यजीव, विशेषकर टाइगर मूवमेंट कॉरिडोर के दृष्टिकोण से अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र में आते हैं। इसी के चलते इन खंडों में निर्माण कार्य को 1 अप्रैल 2022 को मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा जारी स्टे आदेश के पश्चात स्थगित कर दिया गया था। इस प्रोजेक्ट के लिए विभिन्न वैधानिक एवं पर्यावरणीय, विशेष रूप से वन्यजीव संबंधित मंजूरियों की आवश्यकता थी। हाई कोर्ट के निर्देशों का पालन करते हुए एनएचएआई ने सभी आवश्यक प्रक्रिया निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुरूप पूरी कर ली है। प्रोजेक्ट के लिए वाइल्ड लाइफ बोर्ड एवं केन्द्र सरकार से सभी आवश्यक मंजूरिया प्राप्त हो चुकी है। अब उच्च न्यायालय द्वारा स्टे को औपचारिक रूप से हटने के संबंध में आदेश की प्रतीक्षा की जा रही है। जैसे ही न्यायालय से इसे संबंध में निर्देश प्राप्त होंगे, एनएचएआई द्वारा शेष बचे सेक्शन में निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

### बरेठा घाट सेक्शन में हो चुके हैं कई हादसे

बरेठा घाट सेक्शन सडक़ सुरक्षा की दृष्टि से भी बेहद संवेदनशील माना जाता है। यहां संकरी और घुमावदार दो-लेन सडक़, ढलान और सीमित दृश्यता के कारण दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। पिछले तीन वर्षों में यहां 50 से अधिक सडक़ हादसे हो चुके हैं, जिनमें कई लोगों की जान गई और दर्जनों घायल हुए। इसी वजह से इस हिस्से का उन्नयन बेहद जरूरी माना जा रहा है। एनएचएआई ने इस सेक्शन के लिए जो नया प्लान तैयार किया है, उसमें घुमावदार रास्तों को सुधारा जाएगा और ब्लैक स्पॉट्स का स्थायी समाधान किया जाएगा। सबसे खास बात यह है कि इस पूरे प्रोजेक्ट में वन्यजीव संरक्षण को प्राथमिकता दी गई है। इसके तहत 10 एनिमल अंडरपास और 1 एनिमल ओवरपास बनाए जाएंगे, ताकि टाइगर सहित अन्य वन्यजीवों की आवाजाही प्रभावित न हो। साथ ही क्रैश बैरियर, रंबल स्ट्रिप, साइन बोर्ड, फेंसिंग और अन्य सुरक्षा उपाय भी किए जाएंगे।

**इनका कहना है**

सड़क निर्माण से संबंधित सभी जरुरी अनुमतियां वाइल्ड लाइफ बोर्ड तथा केंद्र सरकार से प्राप्त कर ली है। हाईकोर्ट का स्टे हटते ही यहां निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

**मनीष मीणा, प्रोजेक्ट डायरेक्टर, एनएचएआई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

बैतूल-इटारसी फोरलेन के बरेठा घाट सेक्शन में सड़क निर्माण को लेकर अब राह खुलते नजर आ रही है। यहां फोरलेन बनाने के लिए एनएचएआई ने हाईकोर्ट के निर्देशों के अनुरूप प्लान बना लिया है और वाइल्ड लाइफ बोर्ड एवं केंद्र सरकार से सभी जरूरी अनुमतियां भी प्राप्त कर ली है। अब हाईकोर्ट का स्टे औपचारिक रूप से हटते ही यहां निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। दरअसल नागपुर-भोपाल जैसी दो बड़े महानगरों को जोडऩे वाले नेशनल हाइवे पर अब तक अवरोध बैतूल जिले में स्थित बरेठा घाट बचा है। भोपाल और नागपुर के बीच आवागमन को सुगम और तेज करने के लिए वैसे तो कई साल पहले बैतूल से नागपुर और बैतूल से भोपाल के लिए फोरलेन नेशनल हाईवे को एक साथ मंजूरी मिली थी। इसमें से बैतूल से नागपुर तक 173.3 किलोमीटर लंबे नेशनल हाईवे (एनएच-47) बहुत पहले बन कर तैयार हो चुका। इसके विपरीत बैतूल से इटारसी के बीच 21 किमी के क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्य पर हाईकोर्ट की रोक थी। नागपुर (महाराष्ट्र) के एक एनजीओ ने टाइगर कॉरिडोर और बाघ मूवमेंट होने के कारण इस 20 किमी में निर्माण कार्य नहीं किए जाने पर स्टे लेकर रखा है। हालांकि यह स्टे अभी हटा नहीं है, लेकिन भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) सूत्रों के अनुसार, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के स्टे के बाद जिन आवश्यक अनुमतियों की जरूरत थी, उनमें वन्यजीव संरक्षण से जुड़ी स्वीकृतियों सहित अन्य केंद्रीय मंजूरियां अब प्राप्त हो चुकी हैं। इन अनुमतियों को जल्द ही न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर स्टे हटाने (वेकैट) की कार्रवाई की जाएगी। आदेश मिलते ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

### अंडर ब्रिज, ओवर ब्रिज और व्हीकल अंडरपास बनेंगे

बरेठा घाट सेक्शन में चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स का स्थायी समाधान किया जाएगा। इसके लिए विशेष रेक्टिफिकेशन प्लान तैयार किया गया है, जिसके तहत तीन माइनर ब्रिज बनाए जाएंगे। साथ ही 38 बॉक्स कल्वर्ट पर कार्य किया जाएगा, जिसमें चौड़ीकरण और आवश्यक सुधार शामिल है। ट्रैफिक की निर्बाध और सुरक्षित बनाने के लिए एक रेलवे अंडरब्रिज, 2 रोड ओवरब्रिज और एक व्हीकल अंडरपास का निर्माण भी प्रस्तावित है। इससे सडक़ की समता बढ़ेगी और ट्रैफिक बिना रुकावट के चलते रहेगा। इस प्रोजेक्ट को भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है, ताकि आने वाले वर्षों में भी यह मार्ग सुरक्षित, सुगम और भरोसेमंद बना रहे। वर्तमान में मौजूद टू लेन सडक़ को फोरलेन में विकसित किया जाएगा, जिसमें सडक़ की चौड़ाई बढ़ेगी और बढ़ते ट्रैफिक के दबाव से राहत मिलेगी। रोजाना लगने वाले लंबे ट्रॉफिक जाम की समस्या कम होगी।

# पंच महापुरुषों की प्रतिमाओं में देरी पर फूटा जनाक्रोश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

नगर के संजीवनी क्लीनिक के समीप प्रस्तावित पंच महापुरुषों की प्रतिमाओं के निर्माण में हो रही लगातार देरी को लेकर अब जनाक्रोश खुलकर सामने आने लगा है। मंगलवार को पंच समाज समन्वय संगठन ने इस मुद्दे पर कड़ा रुख अपनाते हुए नगर पालिका अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा और निर्माण कार्य जल्द शुरू कराने की मांग की। गौरतलब है कि कुछ समय पूर्व उक्त स्थल पर विधिवत भूमिपूजन किया गया था। योजना के तहत यहां तथागत बुद्ध, संत रविदास, मातंग ऋषि, महर्षि वाल्मीकि और सुपल भगत की प्रतिमाएं स्थापित की जानी हैं। इसके साथ ही चबूतरा, पेडस्टल एवं बाउंड्रीवाल निर्माण का कार्य भी प्रस्तावित है, लेकिन लंबे समय बीत जाने के बावजूद अब तक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है, जिससे समाज में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

**पंच समाज संगठन ने नगर पालिका को सौंपा ज्ञापन, शीघ्र निर्माण की उठी मांग**

ज्ञापन में संगठन ने स्पष्ट किया कि यह स्थल केवल प्रतिमाओं का स्थान नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, सांस्कृतिक पहचान और प्रेरणा का केंद्र बनने वाला है। ऐसे महत्वपूर्ण कार्य में हो रही देरी को गंभीर बताते हुए संगठन ने प्रशासन से तत्काल कार्य प्रारंभ कराने की मांग की है। मामले की गंभीरता को देखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा गढ़ेकर ने तुरंत संज्ञान लिया।

## स्कूलों में धूमधाम से मनाया प्रवेशोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाहपुर

शाहपुर विकासखंड के सभी स्कूलों में प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम दीप जलाकर सरस्वती का पूजन अर्चन किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना का गायन किया गया। इसके साथ ही नवीन छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया और पुस्तके प्रदान की गई। शाला के प्रधान पाठक भगवानदास वर्मा के द्वारा गीत गाकर बच्चों को प्रोत्साहित किया गया।

इस प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के समय शाला के समस्त स्टाफ एवं जन शिक्षिका कुंडी दीपना जगताप भी उपस्थित रही। कार्यक्रम के पश्चात सभी ने खीर पूरी सब्जी का भोज किया।

### कन्या शिक्षा परिसर के रूप में ग्रामीण व आदिवासी बालिकाओं को मिलेगी सुविधा

# विधायक के प्रयासों से 40 करोड़ की लागत से कन्या शिक्षा परिसर को मिली प्रशासनिक स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल/आमला



आमला-सारणी विधानसभा क्षेत्र के जुझारू विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे के सतत प्रयासों से आमला विकासखंड अंतर्गत लगभग 40 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाले भव्य कन्या शिक्षा परिसर भवन निर्माण को प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है। जनजातीय कार्य विभाग द्वारा जारी इस स्वीकृति के अंतर्गत परिसर में सर्वसुविधायुक्त आवासीय भवन, छात्रावास, बाउंड्रीवाल एवं अन्य आवश्यक अधोसंरचनाओं का निर्माण किया जाएगा। ग्रामीण, आदिवासी एवं दूरस्थ क्षेत्रों की बालिकाओं को बेहतर शिक्षा और सुरक्षित आवासीय सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से प्रस्तावित, यह कन्या शिक्षा परिसर क्षेत्र की छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित आवासीय शिक्षा सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा। विधायक डॉ. पंडाग्रे के नेतृत्व में आमला-सारणी विधानसभा क्षेत्र में सडक़, शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई एवं रोजगार जैसे विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर विकास कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में यह कन्या शिक्षा परिसर ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं हेतु मील का पत्थर साबित होगा। उल्लेखनीय है कि आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे के प्रयासों से आमला शहर में लगभग 26 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित हो रहा सर्वसुविधायुक्त शासकीय संदीपनी विद्यालय भी अब पूर्णता की ओर अग्रसर है तो 6 करोड़ रुपए से अधिक लागत से भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय में अतिरिक्त कक्ष निर्माण व आधा दर्जन से अधिक उच्चतर माध्यम विद्यालय भवन का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। लगभग 13 एकड़ भूमि पर प्रस्तावित इस कन्या शिक्षा परिसर के लिए भूमि चयन व आवंटन की प्रक्रिया भी अब अंतिम चरण में है जिसका प्रशासनिक स्वीकृति उपरांत शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि कन्या शिक्षा परिसर में खेल, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय, चिकित्सा एवं आकस्मिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी। वहीं विद्यार्थियों को गणवेश, ब्लू ब्लेजर, पुस्तकें, स्टेशनरी, तथा पोषण आहार भी प्रदान किया जाएगा।

**इनका कहना है -**

कन्या शिक्षा परिसर भवन निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति मिल चुकी है। उक्त स्वीकृति के लिए हमारे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार। माता शबरी के नाम से पहचाने जाने वाला प्रस्तावित आवासीय कन्या शिक्षा परिसर निर्माण के साथ न केवल शिक्षा का केंद्र बनेगा, बल्कि यह ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों की बालिकाओं के लिए सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और उज्ज्वल भविष्य का आधार भी बनेगा।

**डॉ. योगेश पंडाग्रे, विधायक, आमला**

## पॉलिटेक्निक कॉलेज में हुआ हार्टफुलनेस ध्यान कार्यक्रम

# ध्यान से बढ़ती है एकाग्रता मन होता है शांतः विनोद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज सोनाघाटी बैतूल में हार्टफुलनेस ध्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें नागपुर से पधारे प्रशिक्षक विनोद जेठवा ने लगभग 125 बच्चों को हार्टफुलनेस ध्यान की पद्धति एवं ध्यान से हमारे जीवन में क्या क्या बदलाव आते हैं, विद्यार्थियों को ध्यान करने से क्या लाभ हैं, के बारे में बताया। हार्टफुलनेस ध्यान के अभ्यासी कमल नयन अग्रवाल ने बताया कि हार्टफुलनेस ध्यान, हृदय आधारित ध्यान पद्धति है जो कि अपने हृदय में एक दिव्य प्रकाश की अनुभूति के विचार को लेकर किया जाने वाला ध्यान है। अभ्यासी आशीष पचौरी ने बताया कि हार्टफुलनेस ध्यान की चार विधियां हैं।

रिलेक्सेशन, मेडिटेशन, क्लीनिंग और प्रार्थना। रिलैक्सेशन की प्रक्रिया से शरीर को आरामदायक अवस्था में लाया जाता है। इसके बाद मेडिटेशन यानी ध्यान किया जाता है। शाम को क्लीनिंग यानी सफाई की प्रक्रिया की जाती है, जिससे हमारे दिल दिमाग की सफाई की जाती है। जो दिनभर हमारे द्वारा किए कामों की छापें, नकारात्मक विचार आदि की सफाई की जाती है। अंत में रात में सोने से पहले स्वयं एवं विश्व के कल्याण हेतु प्रार्थना की जाती है। अभ्यासी राजेंद्र परिहार ने अपने ध्यान के अनुभव साझा करते बताया कि ध्यान से किस प्रकार उनके जीवन में बदलाव आया।

कार्यक्रम के अंत में अभ्यासी कमल नयन अग्रवाल ने बताया कि हार्टफुलनेस ध्यान पूर्णतया निःशुल्क है कोई भी व्यक्ति बैतूल गंज स्थित ध्यान केंद्र पर आकर ध्यान प्रशिक्षक से पर्सनल सिटिंग ले सकते हैं। केंद्र पर सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक एवं 4 से 8 बजे तक आकर सिटिंग (प्रशिक्षक के साथ बैठकर ध्यान करना) ले सकते हैं। साथ ही प्रति रविवार सुबह 9 से 10 एवं प्रति बुधवार शाम 6 से 7 सामूहिक ध्यान का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। साथ ही सभी स्कूलों के प्राचार्यों एवं शिक्षकों से भी अपील की जाती है कि यदि आप चाहें, तो स्कूल में 15 वर्ष से ऊपर की आयु वर्ग के बच्चों के लिए 3 दिवसीय निःशुल्क ध्यान कार्यक्रम बैतूल गंज हार्टफुलनेस ध्यान केंद्र पर या आपके द्वारा तय स्थान पर कर सकते हैं।

### जिला आयुष कार्यालय में मासिक समीक्षा बैठक संपन्न

# समय पर खुलेंगे आयुष संस्थान, आमजन को नियमित स्वास्थ्य सेवा देने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल




जिला मुख्यालय पर बुधवार को आयुष विभाग की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक की शुरुआत वंदेमातरम् गायन से हुई, जिसके बाद विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। जिला आयुष अधिकारी डॉ. योगेश चौकीकर ने निर्देश दिए कि सभी आयुष संस्थान समय पर संचालित हो, ताकि आमजन को नियमित और सुचारू स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। जन आरोग्य समिति की कार्यप्रणाली और सक्रियता को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। अधिकारियों को मुख्यालय में निवास करने के निर्देश दोहराए गए, जिससे आपात स्थिति में त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। बैठक में सिकल सेल मरीजों के नियमित फॉलो-अप और सतत निगरानी पर विशेष जोर दिया गया। आगामी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर काउंटडाउन कार्यक्रम, प्रचार-प्रसार और जनजागरूकता गतिविधियों की रूपरेखा भी तय की गई। साथ ही ओपीडी लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों और कर्मचारियों को आई गॉट कर्मयोगी पोर्टल पर पंजीयन और प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया। आरसीएमएस पोर्टल पर भूमि आवंटन प्रक्रियाओं की समीक्षा की गई और सार्थक एप पर नियमित उपस्थिति दर्ज करने के निर्देश दिए गए। बैठक के बाद विभाग के कर्मचारी सुनील खातरकर और वीरेसिंह धुर्वे का सेवानिवृत्ति सम्मान किया गया।

### जुर्माने की होगी कार्रवाई, जांच में जुटे अधिकारी

# नरवाई जलाने पर प्रशासन सख्त, 73 किसानों को थमाए नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



जिले में नरवाई जलाने पर लगाए गए प्रतिबंध के बावजूद खेतों में आग लगाने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। इस पर सख्ती दिखाते हुए जिला प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है। अब तक नरवाई जलाने के मामलों में किसानों को नोटिस जारी किए गए हैं और जांच के बाद दोषी पाए जाने पर जुर्माना लगाया जाएगा। दरअसल जिला प्रशासन ने गेहूं सहित अन्य फसलों की कटाई शुरू होने से पहले ही खेतों में नरवाई जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया था। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने बढ़ते प्रदूषण और पर्यावरणीय नुकसान को देखते हुए आदेश जारी किए थे। इसके बावजूद जिले के कई क्षेत्रों में किसानों द्वारा नरवाई जलाने की घटनाएं सामने आई हैं। जानकारी के अनुसार जिले के विभिन्न ब्लॉकों में कुल 73 मामले दर्ज किए गए हैं। इनमें बैतूल ब्लॉक में 14, चिचोली में 4, शाहपुर में 6, घोड़ाडोंगरी में 7, भैंसदेही में 5, आठनेर में 13, भीमपुर में 3, मुलताई में 12, प्रभातपट्टन में 8 तथा आमला ब्लॉक में 1 मामला सामने आये है। इन सभी किसानों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। प्रशासन ने नरवाई जलाने की घटनाओं पर निगरानी रखने की जिम्मेदारी राजस्व विभाग एवं कृषि विभाग के अधिकारियों को सौंपी है। अधिकारी लगातार खेतों का निरीक्षण कर रहे हैं और उपग्रह चित्रों एवं स्थानीय सूचना के आधार पर मामलों की पुष्टि की जा रही है। अधिकारियों के अनुसार जिन किसानों के खिलाफ मामले दर्ज किए गए हैं, उनकी विस्तृत जांच की जाएगी। जांच में यदि यह पाया जाता है कि किसान ने जानबूझकर नरवाई में आग लगाई है, तो उसके खिलाफ प्रति हेक्टेयर के हिसाब से जुर्माना लगाया जाएगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली गतिविधियों को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि कुछ क्षेत्रों में आकस्मिक आगजनी की घटनाएं भी सामने आई हैं, जहां आग अन्य कारणों से फैली हो सकती है। ऐसे मामलों में जांच के बाद यदि किसान की लापरवाही या जानबूझकर आग लगाने के प्रमाण नहीं मिलते हैं तो कार्रवाई नहीं की जाएगी। नरवाई जलाने से वायु प्रदूषण बढऩे के साथ-साथ मिट्टी की उर्वरता पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इससे खेतों में मौजूद लाभकारी सूक्ष्म जीव्र नष्ट हो जाते हैं और पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है।

**कार्रवाई करेंगे**

जिले में नरवाई जलाने के कुल 73 मामले अभी तक सामने आए हैं। इन किसानों को नोटिस भी जारी कर दिए गए हैं। यदि वे जांच में दोषी पाए जाते हैं तो जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी।

**रामवीर सिंह राजपूत, सहायक संचालक, कृषि विभाग, बैतूल**

## खबर संक्षेप

### जंगल में फांसी पर झूलता मिला शव

**सोहागपुर।** सोहागपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत विस्थापित ग्राम सोनपुर के समीप एक व्यक्ति का शव फांसी पर झूलता मिला है। मामले में पुलिस ने बताया कि सूचनाकर्ता कन्हैया लाल ठाकुर निवासी समनापुर सोनपुर के द्वारा इस आशय की सूचना थाने में दी गई थी। जिसके अनुसार सूचनाकर्ता फॉरेस्ट विभाग धारगांव में चौकीदार है। 30 मार्च 2026 को धारगांव से गश्ती दौरान सोनपुर नाके के समीप पुराने स्कूल में रखे मोटर इंजन को चालू करने गया तो वहां देखा कि बिजली पोल लकड़ी के गेड़े में एक व्यक्ति स्वयं के गमछे से फांसी लगाकर मृत हालत में फांसी पर लटका है। मृतक की पहचान बंसीलाल पिता प्रेम सिंह उईके 45 वर्ष निवासी सोनपुर के रूप में हुई है। मृतक व्यक्ति एक अन्य चौकीदार रमेश उईके के बड़े पिताजी का लड़का है, जिसके यहां मृतक के भाई की रसोई थी। उक्त परिवार के देवी देवता पुराने सोनपुर में स्थित थे और सभी जिस स्थान पर पूजा पाठ करते हैं, उसी स्थान पर बंसीलाल फांसी पर लटका मिला। पुलिस ने रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है। शव को पीएम पश्चात परिजनों को सौंपा गया है।

### गांधीनगर में चार दिवसीय अनुष्ठान

**इटारसी।** 2 अप्रैल को सुबह महाभिषेक और शाम 7:30 बजे से भंडारा होगा। सेवादार देवेंद्र पटेल ने बताया कि 4 अप्रैल से अखंड रामचरितमानस पाठ शुरू होगा।

### 1 अप्रैल से स्कूलों में शुरू हुआ नवीन शैक्षणिक सत्र आरंभ

# विधायक सिंह ने की संदीपनि स्कूल के नव प्रवेशी बच्चों पर पुष्पवर्षा, मनाया प्रवेशोत्सव

नवीन शैक्षणिक सत्र के अवसर पर आज सभी शासकीय, अशासकीय स्कूलों में प्रवेशोत्सव मनाया गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर



बुधवार एक अप्रैल को सोहागपुर के शासकीय संदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विधायक विजयपाल सिंह की उपस्थिति में प्रवेशोत्सव आयोजित किया गया। इस दौरान विधायक विजयपाल सिंह ने नव प्रवेशी बच्चों का स्वागत पुष्पवर्षा के साथ किया।

विद्यालय प्राचार्य रामकिशोर दुबे ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक विजयपाल सिंह एवं विशेष अतिथि रूप में नपाध्यक्ष लता यशवंत पटेल व उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी उपस्थित थे। इस दौरान पार्षद रविशंकर उइके, विजय नन्नू छाबड़यि, यशवंत पटेल, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अभिनव पालीवाल, नीरज यादव, बीईओ राकेश उइके, बीआरसी राकेश रघुवंशी, पीएम श्री स्कूल प्राचार्य सुनीता गढ़वाल सहित सांदीपनि विद्यालय का स्टाफ, अभिभावक व बच्चे उपस्थित थे। प्रवेशोत्सव में समस्त उपस्थित विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं पुष्प वर्षा से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। साथ ही उन्हें निशुल्क पाठ्य पुस्तकें भी वितरित की गईं। प्राथमिक विद्यालय के विद्यार्थियों को बैग भी वितरित किए गए। बच्चों ने सेल्फी पॉइंट पर अपनी सेल्फी ली। ब्राइटर माइंड के छात्रों ने अतिथियों के समक्ष अपने स्किल का प्रदर्शन कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। विधायक ने विद्यार्थियों को नए शैक्षिक सत्र की शुभकामनाएं दी। अंत में प्राचार्य ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

### गैलेक्सी पब्लिक स्कूल में मनाया प्रवेशोत्सव

नगर के गैलेक्सी पब्लिक स्कूल में बुधवार की सुबह नव शिक्षण सत्र 2026-27 के लिये प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस दौरान



स्कूल प्रबंधन द्वारा नव प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया व बच्चों को मिष्ठान खिलाए गए। इस विशेष कार्यक्रम में गैलेक्सी पब्लिक स्कूल प्रबंधन से डायरेक्टर अभयच खण्डेलवाल, कीर्ति दुबे व शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### विधायक ने बच्चों का तिलक लगाकर किया स्वागत



**माखननगर।** पीएम श्री शासकीय उच्चतर मध्यमिक विद्यालय माखन नगर मे विधायक विजयपाल सिंह के मुख्य आथित्य में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम संपन्न किया हुआ। कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती की पूजन कर किया गया छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की विधायक एवं अतिथियों ने कार्यक्रम में शामिल होकर नन्हे विद्यार्थियों को तिलक लगाकर माला पहनाई पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा शिक्षा भी सफलता की पहली सीढ़ी है आई हम सभी मिलकर बच्चों के सपनों को पंख दे जिससे वह सफलता की ऊंचाई छू सके बच्चों मिठाई वितरित की गई। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष सावित्री परिनामें बी ई ओ सुषमा पिपरे संस्था प्राचार्य निधीश गुरु पाषर्द गण भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी बच्चों के अभिभावक एवं गण मान्य नागरिक मौजूद रहे।

## एसपी ने किया पचमढ़ी रोड स्थित थाने का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया

पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत बीजनवाडा में स्थित स्टेशन रोड थाने का वार्षिक निरीक्षण किया गया।ुलिस अधीक्षक सांई एस कृष्ण थोटा, एसडीओ पी मोहित यादव ने थाने के समस्त रिकार्ड की निरीक्षण किया गया।

थाने की व्यवस्थाओं साफ सफाई अभिलेख का रंग रखाव पुलिस की थाना प्रभारी आदित्य सैनी मंगलवारा थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी सहित अन्य सभी लोगों की उपस्थिति में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी निरीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि यह वार्षिक निरीक्षण निर्धारित रहता है। जिसकी सूचना दी गई थी। उसके बाद ही निरीक्षण किया गया है। शिकायत दर्ज से लेकर रिकार्ड संधारण एफआईआर दर्ज संख्या देखी गई।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि लगभग जांच में सभी सही पाया गया है। कुछ सुधार करने हेतु भी निर्देश दिए गए हैं। कुछ कार्यों में प्रोत्साहित किया गया है। मटकुली चौकी भी लगातार खुलेगी। कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया है। उमर्दा, माथनी, सांडिया की चौकी पर भी चर्चा हुई। स्टाफ को लेकर बताया कि लगभग सभी अधिकारियों को अवगत कराया गया है।

### पानी की एक-एक बूंद को सहेजने के लिए हुआ चौपाल का आयोजन

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद नर्मदापुरम के द्वारा जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत नर्मदापुरम जिला मुख्यालय पर स्वयं सेवी संस्थाओं के साथ चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें समस्त जिले की 35 स्वयं सेवी संस्थाओं सहित जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक एवं जिला समन्वयक पवन सहगल ने हिस्सा लिया। चौपाल में स्वयंसेवी संस्थाओं के द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत की जा रही गतिविधियों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई एवं आगे आने वाले समय में की जाने वाली गतिविधियों पर मंथन किया गया।

## नप ने सार्वजनिक स्थानों पर लोगों के लिए शुरू की प्याऊ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर




नगर परिषद सोहागपुर ने शहर के सार्वजनिक स्थानों पर ग्रीष्मकाल में जन सुविधा के लिए प्याऊ शुरू की हैं। बुधवार सुबह नप अध्यक्ष लता यशवंत पटेल तथा उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी की उपस्थिति में प्याऊ का शुभारंभ किया गया है। सोहागपुर नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा, उपयंत्री बृजेश खानोरकर व नपकर्मी एचएल परते ने बताया कि ग्रीष्मकाल शुरू होते ही नप ने शहर के कुछ चयनित स्थलों पर प्याऊ व्यवस्था प्रारंभ की है। इसमें उन स्थानों को चिन्हित किया गया है, जहां पर नागरिकों, यात्रियों, बाहरी लोगों एवं स्थानीय ग्राहकों का बाजार क्षेत्र में आना जाना अधिक होता है। प्याऊ स्थलों में कोर्ट चौराहा, पुराने बस स्टैंड पर मालवीय पैलेस के सामने एवं नवीन बस स्टैंड के पास आम नागरिकों एवं राहगीरों के लिए ठंडे पेयजल के लिये प्याऊ शुरू की गई हैं। इस नप अध्यक्ष लता यशवंत पटेल, नप उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा, उपयंत्री बृजेश खानोरकर, नपकर्मी एचएल परते, एसडीओपी संजू चौहान, पूर्व पार्षदद्वय राकेश चौरसिया व दीपक साहू, भाजपा नेता राजेश रघुवंशी आदि उपस्थित थे।

### 19 को होगा सामूहिक विवाह सम्मेलन का कार्यक्रम आयोजन

**माखन नगर।** जनपद पंचायत माखन नगर के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह योजना अंतर्गत वर्ष 2026-27 में दिनांक 19 अप्रैल 2026 को अक्षय तृतीया के अवसर पर सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न होना है। जनपद कार्यालय से बताया गया है किउक्त विवाह में सम्मिलित होने हेतु आवेदन पत्र के साथ वर वधु की अंक सूची, आधार कार्ड, समग्र आईडी मूल निवासी, जाति प्रमाण पत्र, वरपक्ष का शौचालय प्रमाण पत्र वरपक्ष एवं वधू के माता-पिता के आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छाया प्रति, प्रथम बार विवाह होने का नोटरी द्वारा शपथ पत्र, राशन कार्ड एवं वर वधु की चार-चार फोटो संलग्न अनापत्ति प्रमाण पत्र सरपंच/ सचिव/ आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय मुख्य कार्यपालन अधिकारी के हस्ताक्षर होना अनिवार्य हैं।

## सद्भावना और विश्व शांति के लिए की प्रतीकात्मक अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

देश में सनातनी परंपरा के अनुसार चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी को पांच घरों से आटा मांगने की परंपरा है। इस आटे से सामूहिक भोजन तैयार किया जाता है, जिससे समाज में सद्भावना, सहयोग और आपसी भाईचारे का संदेश मिलता है। इसी कड़ी में ग्राम सुपरली, जिला नर्मदापुरम, मध्य प्रदेश, भारत के किसान-कलाकार योगेंद्र पाल सिंह सोलंकी ने भी पांच घरों से एक-एक चुटकी आटा मांगा। इस परंपरा के महत्व को समझते हुए मध्य-पूर्व में चल रहे युद्ध को रोकने की अपील के रूप में उन्होंने संयुक्त राष्ट्र महासभा के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस की आटे से एक प्रतीकात्मक तस्वीर बनाई है।

यह तस्वीर गेहूं का आटा, मक्के का आटा, ज्वार का आटा, चने का आटा तथा मसूर दाल के आटे से तैयार की गई है। यह प्रतीकात्मक रचना इस संदेश को दर्शाती है कि युद्ध का प्रभाव पूरी दुनिया के आम नागरिकों पर पड़ रहा है और उनकी जीवन-व्यवस्था को संकट में डाल रहा है। युद्ध लगातार भयावह होता जा रहा है और पूरी दुनिया के लोगों की साँसें थमी हुई हैं। ऊर्जा संकट और आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में यदि युद्ध इसी प्रकार चलता रहा, तो दुनिया के कई हिस्सों में लोगों को कच्चा आटा खाने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा विश्व शांति बनाए रखने की एक महत्वपूर्ण संस्था है। इसलिए इस प्रतीकात्मक रचना के माध्यम से विनम्र अपील की गई है कि युद्ध को शीघ्र रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

## आध्यात्मिक संत ब्रह्मलीन पं. मनमोहन मुदगल की पुण्यतिथि पर किया सुंदरकांड पाठ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर



ब्रम्हलीन आध्यात्मिक संत पं. मनमोहन मुदगल की द्वितीय पुण्यतिथि पर मंगलवार रात श्रीशंभू दरबार पलाश परिसर में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर पं. मुदगल के अनुयायियों व परिजनों ने सुंदरकांड पाठ का आयोजन भी किया।

ब्रह्मलीन पूज्य गुरुदेव के पुत्रों गृहस्थ संत पं. प्रकाश मुदगल एवं पं. मधुसूदन मुदगल ने बताया कि उनके पूज्य पिता के द्वारा गत तीन दशकों में मध्य प्रदेश सहित छत्तीसगढ़ एवं अन्य प्रदेशों में सनातन धर्म के उत्कृष्ट आदर्श के स्थाप्य के लिए प्रतिवर्ष यज्ञ श्रृंखला के आयोजन किए गए। जिसके चलते उन्हें यज्ञ सम्राट के रूप में मध्य प्रदेश सहित विविध प्रदेशों में जाना जाता था। उनकी द्वितीय पुण्यतिथि मंगलवार को थी। इस अवसर पर श्री शंभू दरबार में पं. मुदगल के परिजनों एवं अनुयायियों द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्रीय नागरिकों ने उपस्थिति दी एवं पं. मुदगल के चित्र पर माल्यार्पण किया।

इस दौरान सभी उपस्थितजनों ने पं. मुदगल द्वारा स्थापित समाज उत्थान तथा सनातन धर्म उत्थान के उच्च आदर्शों के पालन का संकल्प लिया। इसके बाद सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय भजन मंडलों के द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई। इस द्वि-चरणीय आयोजन के दौरान गृहस्थ संत पं. प्रकाश मुदगल, पं. मधुसूदन मुदगल, सोहागपुर व्यापारी संघ अध्यक्ष राजेंद्र पालीवाल, प्रशांत बसेड़यि, नीलेश शर्मा, भाजपा सोहागपुर मंडल अध्यक्ष अश्विनी सरोज, पुरुषोत्तम पटेल, देवेंद्र दीवान, चीनू नामदेव, देव सायलवार व अन्य परिजन तथा अनुयायी उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ किया गया।

### विद्यार्थियों का तिलक लगाकर हुआ स्वागत

**नर्मदापुरम।** बुधवार को नर्मदापुरम जिले के समस्त शासकीय विद्यालयों में शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम उत्साहपूर्वक आयोजित कर नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा उन्हें निशुल्क पाठ्यपुस्तक एवं साइकिल का वितरण किया गया। विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। नर्मदापुरम विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नर्मदापुरम में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान विद्यार्थियों को निशुल्क पाठ्यपुस्तक एवं साइकिल वितरित की गई।

## प्रवेश उत्सव पर साइकिल, पुस्तक वितरण कर तिलक लगाकर कराया गया छात्राओं को प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया



जनपद पंचायत क्षेत्र के सभी सरकारी शिक्षण संस्थानों में नगरपालिका परिषद के सभी सरकारी शिक्षण संस्थानों के साथ शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 1अप्रेल 2026के नये शिक्षण सत्र का शुभारंभ किया गया। जिसमें विधायक ठाकुरदास नागवंशी नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल भाजपा जिला महामंत्री ममता नागवंशी पूर्व जिला सतर्कता सदस्य अरविंद राय सभी पार्षदों कार्यकर्ता भाजपा की तथा महिलाओं की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी श्री लाल रघुवंशी,भी आर सी प्रदीप शर्मा। प्राचार्य अरविंद रघुवंशी की उपस्थिति में कार्यक्रम में सायकिल वितरण कर सभी को शुभकामनाएं दी गई। तथा सभी को विषय बार पुस्तकें भी वितरित की गई। सभी कन्याओं का पूजन किया गया। तथा सांदीपनि विद्यालय में प्रवेश किया गया। उसके बाद तिलक लगाकर बच्चों को प्रवेश दिया गया है। पुस्तकें सबसे ज्यादा संख्या में वितरण किया गया। प्राचार्य संजीव दुबे सहित शिक्षक शिक्षिकाओं कि उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## नपा ने किया अन्नपूर्णा बाजार और व्यापारिक क्षेत्रों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी



शहर के नागरिकों एवं व्यापारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बुधवार को नगर पालिका परिषद इटारसी के मुख्य नगर पालिका अधिकारी के निर्देशन में एक विशेष निरीक्षण दल द्वारा शहर के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों का भ्रमण किया गया।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य दुकानों और संस्थानों में फायर सेफ्टी (अग्नि सुरक्षा) के इंतजामों का जायजा लेना और भविष्य में होने वाली अप्रिय घटनाओं को रोकना रहा।

निरीक्षण के दौरान दल ने दुकानों में अग्निशमन यंत्रों की उपलब्धता, उनकी एक्सपायरी डेट, और बिजली के उपकरणों की स्थिति की बारीकी से जांच की। टीम ने व्यापारियों को समझाया कि शॉर्ट सर्किट से बचाव के लिए वायरिंग दुरुस्त रखें और आपातकालीन निकास मार्गों को पूरी तरह बाधा मुक्त रखें।

### निरीक्षण दल के सदस्य

इस महत्वपूर्ण कार्यवाही में नगर पालिका के निम्नलिखित अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहेः सुरेन्द्र रावत (उपयंत्री),नन्द राम साहू (सहायक राजस्व निरीक्षक)कमल कांत बड़गोती,जगदीश पटेल , मोहन कंडारे मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने इस संबंध में शहरवासियों और व्यापारियों से अपील की है कि वे अग्नि सुरक्षा को केवल सरकारी औपचारिकता न समझें, बल्कि इसे स्वयं की और समाज की सुरक्षा के लिए एक अनिवार्य जिम्मेदारी के रूप में अपनाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी बड़े संस्थानों के लिए फायर एनओसी प्राप्त करना अनिवार्य है और सुरक्षा नियमों की अनदेखी करने वालों पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। नगर पालिका प्रशासन ने आगाह किया है कि आने वाले दिनों में यह निरीक्षण अभियान और अधिक सघन रूप से चलाया जाएगा ताकि पूरे शहर को 'फायर-सेफ' बनाया जा सके।

### प्रवेशोत्सव में सभी स्कूलों में हुए आयोजन, विद्यार्थियों को हुआ स्वागत

# शासकीय सांदीपनि विद्यालय में प्रवेश उत्सव मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माखननगर




नगर के स्थानीय शासकीय सांदीपनि विद्यालय में 1 अप्रैल 2026 को प्रारंभ होने वाले नए शिक्षण सत्र में नवीन प्रवेशित विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा तिलक लगाकर एवं फूलमालाओं से स्वागत कर पुस्तक प्रदान की गई। कार्यक्रम में उपस्थित तहसीलदार महेंद्र सिंह चौहान द्वारा बच्चों को अपना लक्ष्य निर्धारित कर कठोर परिश्रम करने हेतु प्रेरित किया गया।

आमंत्रित अतिथि भाजपा अध्यक्ष मनीष चतुर्वेदी द्वारा बच्चों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देकर अपने परिवार, शाला एवं क्षेत्र का नाम रोशन करने की बात कही। नगर पंचायत की पार्षद निरंजना रावत द्वारा भव्य एवं विशाल शाला भवन में योग्य एवं अनुभवी शिक्षकों द्वारा प्रदान की जा रही शिक्षा को गंभीरता पूर्वक ग्रहण कर अपने जीवन सफल बनाने की समझाएं दी गई। सहायक एडमायरसन क्रैग ने बोर्ड परीक्षा के टॉपर बच्चों को शासन द्वारा प्रदान की जाने वाली स्कूटी एवं लैपटॉप की योजना की जानकारी दी तथा खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर शासकीय नौकरी एवं करियर बनाने की बात भी कहीं। वरिष्ठ व्याख्या का सपना गौर द्वारा शाला में बच्चों को प्रदान की जाने वाली सुविधाएं बस एवं मध्यान भोजन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। संचालन उर्सुला बल्लाल द्वारा एवं प्राचार्य केके दुबे द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

### बाल विहार मॉडल हाई सेकंडरी स्कूल में मनाया प्रवेश उत्सव



बुधवार को बाल विहार मॉडल हाई सेकेंडरी स्कूल में प्रवेश उत्सव मनाया गया जिसमें विभिन्न कक्षाओं के छात्र उपस्थित रहे तथा शिक्षिकाओं द्वारा सभी छात्रों को तिलक लगाकर उनका स्वागत किया संस्था के प्राचार्य किशोर तिवारी संचालक निर्मल चाचोड़िया एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### प्राथमिक शाला में मनाया प्रवेश उत्सव

**माखन नगर।** माध्यमिक विद्यालय घोड़ानार में बड़े ही धूमधाम से प्रवेश उत्सव मनाया गया जिसमें सरपंच लक्ष्मी यादव द्वारा बच्चों को तिलक लगाकर मिठाई खिलाई ओर शाला में प्रवेश दिया गया सरपंच ने बच्चों को नये सत्र के लिए शुभकामनाएं दी इस अवसर पर माखन नगर परिषद कि पार्षद श्रीमती प्रिया सुरेंद्र मालवीय ने बच्चों को पाठ्य सामग्री का वितरण किया इस कार्यक्रम में जनशिक्षा केंद्र से सी ए सी श्री ब्रजेश त्रिवेदी तथा शाला के शिक्षक तथा आंगनवाड़ी से कार्यकर्ता एवं सहायिका एवं अभिभावक मौजूद रहे।

## आज मनेगा हनुमान जन्मोत्सव होंगे भंडारे और महाआरती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी



शहर में 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। तड़के महाभिषेक से शुरू होने वाले अनुष्ठान देर रात तक चलेंगे। नई गरीबी लाइन, सूरजगंज, एमजीएम कॉलेज, रेलवे स्टेशन और पुरानी इटारसी सहित सभी मारुति मंदिरों में हवन-पूजन और प्रसादी के विशेष प्रबंध किए गए हैं।

### अटल पार्क में आयोजन

यहां सुबह 6:30 बजे महाआरती होगी। संजीव अग्रवाल दीपू ने बताया कि शाम 7:30 से रात 10 बजे तक विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा। अर्चना राजेश मालवीय ने भक्तों से उपस्थिति की अपील की है।

वहीं श्री हनुमानधाम ओवरब्रिज पर तड़के 5 बजे महामंगला आरती और दोपहर 12 बजे से हवन होगा। शाम 4 बजे से विशाल भंडारा शुरू होगा। गैस सिलेंडर की कमी के कारण समिति ने 5 मिट्टी के चूल्हों और जलाऊ लकड़ी का विशेष प्रबंध कर 25 हजार लोगों का भोजन तैयार कराया है।

### स्वप्नेश्वर हनुमानधाम

दोपहर 1 बजे से भंडारा शुरू होगा। रात 8 बजे बनारस की 'गंगा आरती' की तर्ज पर भव्य महाआरती की जाएगी और पवनपुत्र को 56 भोग अर्पित कर विशेष प्रसाद वितरित होगा।

// इश्तहार प्रकाशन सूचना //

आम नागरिको को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद इटारसी की दुकान पक्की कच्ची प्लाट नं. एवं दुकान क्र. 108 कच्ची दुकान गैरिज लाईन जो कि नगर पालिका अभिलेख में किरायेदारी की दुकान श्री आशीष यादव आ.रामप्यारे यादव के नाम से दर्ज है जो किरायेदारी नाम परिवर्तन श्री अंभग कुमार बावेजा s/o सत्यपाल बावेजा के नाम किरायेदारी में नाम परिवर्तन कराना चाहते है उक्त दुकान की किरायेदारी नाम परिवर्तन कराये जाने में किसी को आपत्ति है तो सभी मय दस्तावेज के साथ कार्यालय नगर पालिका परिषद् इटारसी के कार्यालय समय में 15 दिवस के अंदर अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि होने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद इटारसी

## खबर संक्षेप

### गेहूं की खरीदी 10 अप्रैल से होगी

**हरदा।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 में मध्य प्रदेश में गेहूं की खरीद का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। जिले में खरीदी 10 अप्रैल से शुरू होगी। किसानों को समर्थन मूल्य पर भुगतान किया जाएगा। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के उप सचिव बीके चंदेल ने बताया कि निर्धारित एसओपी के अनुसार सभी खरीद केंद्र तैयार हैं।

### कार्य दिवस की शुरुआत वंदेमातरम से हुई

**हरदा।** प्रत्येक माह के पहले कार्य दिवस की शुरूआत शासकीय कार्यालयों में राष्ट्रगीत वंदेमातरम गायन के साथ होती है। इसी क्रम में बुधवार सुबह कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित कार्यालयों के अधिकारी कर्मचारियों ने राष्ट्रगीत वंदे-मातरम एवं राष्ट्रगान जन-गण-मन का सामूहिक गायन किया। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर रजनी वर्मा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी भी मौजूद थे।

### रेवापुर व माचक उपनहर के लिए ओसरा बंदी कार्यक्रम जारी

**हरदा।** कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग सोनम वाजपेयी ने मूंग सिंचाई के लिए पानी की पर्याप्त उपलब्धता के लिए 36 घंटे की ओसरा बंदी कार्यक्रम जारी किया है। जारी कार्यक्रम अनुसार रेवापुर उपनहर व सोनतलाई उप संभाग में 1 अप्रैल बुधवार रात 8 बजे से 3 अप्रैल शुक्रवार सुबह 8 बजे तक नहरें बंद रहेंगी। इसी प्रकार माचक उपनहर 3 अप्रैल शुक्रवार रात 8 बजे से 4 अप्रैल शनिवार रात 8 बजे तक बंद रहेगी। सुश्री वाजपेयी ने बताया कि नहर बंद करने की अवधि हर 36 घंटे के अंतराल से क्रमानुसार निरन्तर लागू रहेगी। बिना अनुमति एवं अग्रिम राशि जमा किए बगैर सिंचाई पंप नहीं चलाए जा सकेंगे। ट्रेक्टर चलित एवं 10 एचपी से अधिक क्षमता के पंप नहीं चलेंगे। डिफाल्टर किसानों के द्वारा सिंचाई राजस्व राशि जमा न करने की स्थिति में सायफन व पंप बंद करने की कार्यवाही की जाएगी। पानी की आवक एवं आवश्यकता को देखते हुए बड़ी उपशाखाओं में ओसरा बंदी कार्यक्रम में बदलाव कार्यपालन यंत्री द्वारा किया जा सकेगा।

### कलेक्टर कार्यालय परिसर में धारा 163 लागू, ज्ञापन देने से पहले अनुमति जरूरी

**हरदा।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सिद्धार्थ जैन ने कलेक्टर कार्यालय परिसर में सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। ये आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत लागू किए गए हैं। जारी निर्देशों के अनुसार अब किसी भी संगठन या समूह को ज्ञापन सौंपने के लिए पहले से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। आवेदन में अधिकतम पांच लोगों के नाम, पते और मोबाइल नंबर देना होगा। आदेश के तहत सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमति प्राप्त अधिकतम पांच व्यक्तियों को ही परिसर में प्रवेश मिलेगा। निर्धारित समय से केवल 30 मिनट की देरी ही स्वीकार्य होगी, इसके बाद अनुमति निरस्त मानी जाएगी। बिना पुलिस को सूचना दिए और अनुविभागीय दंडाधिकारी की अनुमति के बिना किसी भी प्रकार की सभा, जुलूस या वाहन रैली आयोजित करने पर रोक लगा दी गई है। कलेक्टर परिसर में लाठी, डंडा, पत्थर, हथियार और किसी भी प्रकार के ज्वलनशील पदार्थ जैसे पेट्रोल, पटाखे आदि लाने पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। साथ ही व्यावसायिक वाहनों के प्रवेश पर भी रोक लगाई गई है। इन आदेशों का उल्लंघन करने पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### 47 बालिकाओं को लगाई गई एचपीवी की वैक्सीन

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय ह्यूमन पैपिलोमा वायरस टीकाकरण कार्यक्रम के तहत 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं का टीकाकरण किया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि सीहोर जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में भी एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम के तहत बालिकाओं को एचपीवी की वैक्सीन लगाई जा रही है।

घटना के बाद मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारी, एफआईआर दर्ज की

# दीपगांव कला में जमीन विवाद में दो पक्षों में खूनी संघर्ष, 1 व्यक्ति की मौत, 6 घायल





हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिले के सिराली थाना क्षेत्र के दीपगांव कला में बुधवार सुबह जमीन विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। एक एकड़ जमीन पर कब्जे को लेकर दो पक्षों के बीच हुए विवाद में 65 वर्षीय बुजुर्ग की हत्या कर दी गई। घटना में दोनों पक्षों के छह लोग घायल हुए हैं। मृतक की पहचान दीपगांव निवासी अमरसिंह पिता जयसिंह कलम (65) के रूप में हुई है।

घायलों में अमरसिंह के भाई सूरत सिंह, रामभरोस, आनंद सिंह, हरिसिंह, सतीश राजपूत और दूसरे पक्ष से नारायण राजपूत शामिल हैं। सभी घायलों को पहले सिराली के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। इनमें से तीन गंभीर घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। एसपी शशांक ने बताया कि एक ही परिवार के दो पक्षों के बीच एक एकड़ जमीन पर बखरनी कर कब्जा करने को लेकर विवाद हुआ था, जो बाद में मारपीट में बदल गया। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक के भाई आनंद सिंह राजपूत की शिकायत पर रूपसिंह पटेल, भागवत सिंह, कैलाश, दिनेश, नारायण, हरिओम और गोलू के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस ने कुछ आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। आनंद सिंह राजपूत ने बताया कि आरोपी पक्ष के लोग उनके रिश्तेदार हैं। जमीन को लेकर मामला सिविल कोर्ट में विचाराधीन है। बुधवार सुबह आरोपी रूपसिंह सहित करीब 15 लोग जमीन पर कब्जा करने पहुंचे और बखरनी करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने कुल्हाड़ी, दरांती और लाठियों से हमला कर दिया, जिसमें अमरसिंह की मौत हो गई।

परिजनों के अनुसार, यह जमीन उनके नाना घनश्याम पटेल से जुड़ी है। परिवार के बीच पहले से ही जमीन को लेकर विवाद चल रहा है और मामला कोर्ट में लंबित है। घटना की सूचना मिलते ही सिराली थाना प्रभारी सीताराम पटेल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। वहीं, एएसपी अमित कुमार मिश्रा और प्रभारी एसडीओपी अरुणा सिंह ने भी मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। मृतक अमरसिंह के शव का पोस्टमार्टम खिरकिया अस्पताल में कर परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। यह विवाद दो एकड़ जमीन पर कब्जे को लेकर मामा और बुआ के परिवारों के बीच हुआ बताया जा रहा है। एएसपी अमित कुमार मिश्रा ने बताया कि ग्राम दीपगांव में दो पक्षों के बीच विवाद की सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंचकर विवाद के कारणों की जांच कर रही है।

प्रवेशोत्सव में विद्यार्थियों को मिलीं साइकिल और पुस्तकें

## शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

स्कूल चलें अभियान के तहत बुधवार को स्थानीय डॉ. बी.आर. अम्बेडकर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गेहलोत मुख्य अतिथि के रूप में तथा राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल की ओआईएस वीणा वारसने विशिष्ट शिक्षक के रूप में शामिल हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी डीएस रघुवंशी ने जिले का वार्षिक शिक्षा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा नवागत विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, माल्यार्पण कर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों ने छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें और साइकिलें वितरित कीं। जिला पंचायत उपाध्यक्ष गेहलोत ने इस अवसर पर अपने संबोधन में विद्यार्थियों को नियमित स्कूल आने और कड़ी मेहनत कर जिले का नाम रोशन करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होने कहा कि ह्लशिक्षा ही जीवन में सफलता का मूल आधार है, विद्यार्थी पूरे मनोयोग से पढ़ाई करें और अपने लक्ष्य को प्राप्त करें।

कार्यक्रम में भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया। विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मुख्यमंत्री के संबोधन को सुना और शिक्षा के प्रति शासन की योजनाओं की जानकारी ली। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी डी.एस. रघुवंशी, ए.डी.पी.सी ओ.एस. महाजन सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी, शिक्षकगण, पालकगण व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## नरवाई जलाने वाले 105 किसानों पर कार्रवाई, 5 लाख से ज्यादा का जुर्माना लगाया

**रहटगांव।** टिमरनी क्षेत्र में नरवाई जलाने के मामलों पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। खेतों में फसल अवशेष (नरवाई) जलाने वाले किसानों के खिलाफ 105 प्रकरण दर्ज कर 5 लाख 17 हजार 500 रुपए का जुर्माना लगाया है। एसडीएम संजीव कुमार नागू ने बताया कि टिमरनी व करताना क्षेत्र में 87 प्रकरण तैयार कर 4 लाख 27 हजार 500 रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

वहीं रहटगांव तहसील क्षेत्र में 18 मामलों में 90 हजार रुपए का दंड निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि झाड़तलाई, छिदगांव मेल, सामरधा, टिमरनी, गोंदागांव कलां, रूंदलाय, जलोदा और करताना सहित अन्य गांवों के किसान इस कार्रवाई की जद में आए हैं। प्रशासन द्वारा सभी किसानों को जुर्माने के नोटिस जारी किए जा रहे हैं और राशि शीघ्र जमा करने के निर्देश दिए हैं। एसडीएम नागू के अनुसार यह कार्रवाई प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण अधिनियम 1981 के तहत की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले ऐसे मामलों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आगे भी अभियान जारी रहेगा। ऐसे तय हुआ जुर्माना प्रशासन ने जमीन के रकबे के आधार पर जुर्माना तय किया है। दो एकड़ से कम क्षेत्र में नरवाई जलाने पर 2500 रुपए, दो से पांच एकड़ तक 5000 रुपए और पांच एकड़ से अधिक क्षेत्र में 15 हजार रुपए का दंड लगाया है।

## लायंस क्लब सिद्धपुर ने 200 पानी के सकोरे किए वितरित



**सीहोर।** मंगलवार को आज लायंस क्लब सिद्धपुर सीहोर के सदस्यों ने पक्षियों के लिए पानी के सकोरे (जल पात्र) वितरित किए।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य भीषण गर्मी में पक्षियों और पशुओं को राहत पहुँचाना तथा समाज को जागरूक करना था कि हर व्यक्ति अपने स्तर पर इन जीवों की सहायता करे। क्लब ने नागरिकों से निवेदन किया कि वे अपने घरों, छतों और गलियों में इस पानी के बर्तन को भरकर रखें ताकि पक्षियों और छोटे जानवरों को जीवनदायी सहारा मिल सके। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर और कोतवाली टीआई रविन्द्र यादव भी उपस्थित रहे। उनकी उपस्थिति ने इस पहल को और अधिक प्रेरणादायक बना दिया।

10 पंखे विद्यार्थियों को किए भेंट

## बालक शाला में बनेगा सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए मंच, टीन शेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव



शासकीय कन्या हाई स्कूल रहटगांव में बुधवार को प्रवेश उत्सव मनाया गया। सभी बच्चियों को तिलक लगा कर एवं मिठाई खिलाकर फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान निशुल्क पाठ पुस्तक वितरण की गई। कक्षा छटवी, नवमी और दसवी में प्रवेश लेने पर संस्था अतिथियों द्वारा पुस्तक तथा साइकिल वितरण की गई। अतिथियों ने कहा कि सभी छात्राओं से आगामी नवीन शिक्षा सत्र में प्रतिदिन स्कूल आए और मन लगाकर पढ़ाई करें। इस अवसर पर हायर सेकंडरी प्राचार्य मिंज सर संस्था के प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहा। साथ में टीवी के माध्यम से मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए संदेश एवं प्रवेश उत्सव की झलकियां को टीवी पर दिखाया गया। इस अवसर पर सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित थे। इसके साथ ही शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रहटगांव में प्रवेश उत्सव मनाया गया। अतिथियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु मंच एवं टीन शेड की घोषणा की गई। इसी दौरान 10 पंखे विद्यार्थियों को भेंट किए गए। संस्था प्राचार्य मनोज मिंज ने बच्चों को संस्था में नवीन शैक्षणिक सत्र 2026/27 में नवीन संकाय कॉमर्स एवं एग्रीकल्चर नवीन संकाय प्रारंभ हुए हैं।

# ग्राम के लोगों ने सौंपा ज्ञापन, टीआई और पटवारी को हटाए जाने की मांग



सीहोर। जिले के ग्राम सेवनिया में जमीन विवाद अब गंभीर आपराधिक मामले में तब्दील हो गया है। पीड़ित किसान ने पुलिस और पटवारी पर मिलीभगत कर उसकी खरीदी गई जमीन पर जबरन कब्जा कराने का आरोप लगाया है। इस घटना से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है और उन्होंने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राजपूत के साथ ग्रामीणों ने जनसुनवाई और एसपी को आवेदन देकर दोषियों पर कार्रवाई कर न्याय दिलाने की मांग की है।

ज्ञापन में बताया गया कि पीड़ित किसान पप्पू कौशल के अनुसार, उसने वर्ष 2012 में गांव के ही हनुमंत सिंह से करीब 11 लाख 75 हजार रुपये में जमीन खरीदी थी। इस सौदे के लिए विधिवत अनुबंध किया गया था, जिसमें स्पष्ट रूप से उल्लेख था कि पूरी राशि मिलने के बाद रजिस्ट्री कराई जाएगी। किसान का आरोप है कि पूरी रकम चुकाने के बावजूद आरोपी वर्षों तक रजिस्ट्री टालता रहा, जिससे जमीन पर उसका अधिकार अधर में लटका रहा। मामले ने 16 मार्च को उस वक्त उग्र रूप ले लिया, जब मंडी थाना टीआई और हल्का पटवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। आरोप है कि बिना किसी वैध दस्तावेज या न्यायालयीन आदेश के खेत में सीमेंट के खंभे गाड़कर तारबंदी शुरू कर दी गई। जब पीड़ित परिवार ने इसका विरोध किया तो उनके साथ गाली-गलौज और धमकी दी गई। घटना के दौरान साक्ष्य मिटाने के भी गंभीर आरोप लगे हैं। पीड़ित के अनुसार, बटाईदार हरिओम द्वारा बनाए जा रहे वीडियो को पुलिस ने जब्त कर डिलीट कर दिया।

## बस स्टैंड के गार्डन को नुकसान पहुंचाने वालों पर नपा कार्रवाई, मालिक पर जुर्माने की तैयारी

### उद्यान की हरियाली चरने वाला घोड़ा पकड़ा



**सीहोर।** शहर की सुंदरता और सार्वजनिक उद्यानों की हरियाली को नुकसान पहुंचाने वाले पशु पालकों को नगर पालिका ने सबक सिखाने का मन बना लिया है। मंगलवार को नगर पालिका के अमले ने कार्रवाई करते हुए जिला मुख्यालय स्थित बस स्टैंड के पास टाउनहॉल के सामने बने सुंदर उपवन से एक घोड़े को जब्त किया है। यह घोड़ा पिछले कई दिनों से उद्यान की घास और पौधों को चट कर हरियाली को बर्बाद कर रहा था।

#### जुर्माने से सिखाया जाएगा सबक

नगर पालिका अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि घोड़े के मालिक की पहचान की जा रही है। संबंधित पशु मालिक पर मोटा जुर्माना लगाया जाएगा ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति अपने मवेशियों को इस तरह सार्वजनिक उद्यानों या पार्कों में छोडने की हिम्मत न करे।

#### प्रशासन की कड़ी चेतावनी

नगर पालिका प्रशासन ने शहरवासियों से अपील की है कि वे शहर को सुंदर और हरा-भरा बनाए रखने में सहयोग करें। यदि कोई भी पालतू पशु सार्वजनिक पार्कों, बगीचों या सडक के डिवाइडर पर लगी हरियाली को नुकसान पहुंचाता पाया गया तो पशु को जब्त करने के साथ-साथ मालिक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

# एसपी ने जनसुनवाई में सुनीं जनता की समस्याएं 15 शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मंगलवार को साप्ताहिक जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याओं को संजीदगी और प्राथमिकता के साथ सुना। जनसुनवाई का मुख्य उद्देश्य आम जनता की उन शिकायतों का समाधान करना था, जिनका स्थानीय स्तर पर निराकरण नहीं हो पा रहा है।

बता दें प्रत्येक मंगलवार को होने वाली इस नियमित जनसुनवाई में एसपी दीपक कुमार शुक्ला खुद मौजूद रहे। उन्होंने एक-एक कर सभी शिकायतकर्ताओं से सीधा संवाद किया और उनकी आपबीती सुनी। पुलिस अधीक्षक ने न केवल आवेदन स्वीकार किए, बल्कि कई मामलों में फरियादियों से विस्तार से चर्चा कर घटना की पूरी जानकारी ली, ताकि समस्या की जड़ तक पहुंचा जा सके।

### 15 आवेदनों पर दिए सख्त निर्देश

मंगलवार को आयोजित इस जनसुनवाई में कुल 15 शिकायतकर्ता अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। प्राप्त शिकायतों में जमीन संबंधी विवाद, आपसी रंजिश और पुलिस जांच में देरी जैसे मामले शामिल थे। एसपी ने इन सभी 15 शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मौके पर ही संबंधित थानों और राजपत्रित अधिकारियों को फोन कर या लिखित निर्देश देकर मामले की जांच करने को कहा।

## जेल में किया गया 204 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण




**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा सीहोर जिला जेल में बंदियों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। जेल अधीक्षक प्रतिभा पटेल ने बताया कि शिविर में जिला चिकित्सालय के चिकित्सकों द्वारा जेल के 204 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और आवश्यकतानुसार उपचार प्रदान किया गया।